वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः मेमो /102/प.नि.का./ 2024 दिनांक: 21.04.2024

सेवा में,

प्राचार्य,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर ।

महोदय,

आप सभी का ध्यान इस विषय पर पुनः आकृष्ट कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों मे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सत्र 2023-24 के सम-सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 15-04-2024 से दिनांक 16-05-2024 तक सम्पन्न करायी जा रही है, जिसमे लोक सभा आम चुनाव के प्रशिक्षण के दृष्टिगत दिनांक 01-05-2024 से दिनांक 05-05-2024 तक कोई भी लिखित परीक्षा नहीं सम्पन्न करायी जा रही है ।

सत्र 2023-24 के स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सम-सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराए जाने हेतु निर्णयानुसार समस्त विषयों के वाहय परीक्षक नामित कर उनकी सूची कॉलेज लॉगिन पर पूर्व मे ही उपलब्ध कराते हुए दिनांक 30-04-2024 तक प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराए जाने का अनुरोध किया गया था ।

अतः प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराए जाने की तिथि विस्तरित करते हुए आप सभी से पुनः अनुरोध है कि स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के समस्त विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक 05-05-2024 तक सम्पन्न कराकर, प्राप्तांक कॉलेज लॉगिन पर आनलाइन फ़ीड कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किया जा सके ।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः मेमो / /प.नि.का./ 2024 दिनांक: 21.04.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. समाचार सम्पादक...................................... को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया इस विज्ञप्ति को परीक्षा कार्यक्रम के साथ विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्तअधिकारी, वित्तअधिकारी जी को सूचनार्थ।
5. आशुलिपिक कुलसचिव कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
6. प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा / गोपनीय / अतिगोपनीय।
7. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

परीक्षा नियंत्रक